CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 10 ▫ रायपुर, रविवार 2 फरवरी 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## हाइवे पर पलटा गैस सिलेंडर से भरा ट्रक, चालक की मौत

### इधर दो बाइकों की भिड़ंत में 5 लोग घायल

**बालोद, 2 फरवरी ( हाईवे चैनल )।** जिले में रविवार की शुरुआत हादसों से भरी रही. अलग-अलग सड़क हादसे में 1 की मौत हुई और 6 लोग घायल हो गए. ये हादसे गुरुर थाना क्षेत्र और बालोद थाना क्षेत्र में हुए हैं। गैस सिलेंडर से भरा ट्रक आज सुबह अनियंत्रित होकर नेशनल हाइवे 30 पर पलट गई. हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई. वहीं ट्रक की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया. जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यह घटना गुरुर थाना क्षेत्र के जगतरा गांव की है।

जानकारी के मुताबिक, जगदलपुर से ट्रक गैस सिलेंडर लेकर रायपुर की ओर जा रही थी. जगतरा गांव में एक मंदिर के पास



मोटरसाइकिल चालक को बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित हो गई. जिसके बाद ट्रक ट्रैक्टर से जा टकराई और नेशनल हाइवे पर पलट गई. इस हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई. वहीं 1 राहगीर ट्रक की चपेट में आने से घायल हो गया. घायल युवक का पैर फ्रैक्चर हो गया, जिसे हॉस्पिटल भेजा गया है. पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जिले में एक और सड़क हादसे में पांच लोग घायल हो गए. बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम पडकीभाट के पास दो बाइक के बीच आमने-सामने से भिड़ंत हो गई. हादसे में पांच लोग घायल हुए हैं. तीन की हालात गंभीर बताई जा रही है. घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

## आयकर सर्वे में पकड़ी गई 37 करोड़ की कर चोरी

**रायपुर, 2 फरवरी ( हाईवे चैनल )।** मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय की टीम ने कान्ट्रेक्टर फर्म पीआरए ग्रुप में की गई आयकर सर्वे की कार्रवाई में करीब 37 करोड़ रुपए की कर चोरी पकड़ी है. यह कार्रवाई मुख्य आयकर आयुक्त श्रीमती अपर्णा करण, प्रधान आयकर आयुक्त प्रदीप कुमार हेडाऊ तथा संयुक्त आयकर आयुक्त वीरेन्द्र कुमार के निर्देश पर की गई. सर्वे टीम का नेतृत्व आयकर उपायुक्त राहुल मिश्रा ने किया. पीआरए ग्रुप रोड कंसट्रक्शन , सिविल कंस्ट्रक्शन, ब्रिज के साथ ही रेलवे के लिए भी कार्य करता है।



ग्ररुप की विभिन्न परियोजनाएं छत्तीसगढ़ के साथ ही झारखंड तथा राजस्थान में भी संचालित की जाती है. गुरूवार दोपहर रिंग रोड स्थित पीआरए ग्ररुप के मुख्य दफ्तर में शुरू की गई कार्रवाई शुक्रवार देर रात पूरी हुई है. कार्यालय में मिले दस्तावेज और इलेक्ट्रानिक डिवाइस की प्रारंभिक जांच में बोगस खर्चे दिखा कर प्रॉफिट कम दर्शाने के एविडेंस मिले हैं. दो दिनों की जांच में मिले दस्तावेज के साथ ही टीम ने हार्डडिस्क, मोबाइल, लैपटाप का बैकअप लिया है. इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस का बैकअप विशेषज्ञों की टीम ने लिया है. टीम में कार्यालय में मिले दस्तावेज के आधार पर संचालकों का बयान भी दर्ज किया है. दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का मिलान कर अब सर्वे रिपोर्ट तैयार की जाएगी. सूत्रों का कहना है कि फर्म के संचालकों ने सर्वे टीम के निर्देश पर एडवांस टैक्स जमा करने की सहमति दी है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### प्रधानमंत्री मोदी ने बसंत पंचमी, सरस्वती पूजा पर लोगों को दीं शुभकामनाएं

**नई दिल्ली, 2 फरवरी ( न्यूज चैनल )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोगों को बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा के पावन अवसर पर शुभकामनाएं दीं। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं।'' यह त्योहार वसंत ऋतु के आगमन का संदेश देते हैं और ज्ञान की प्रतीक देवी सरस्वती को समर्पित हैं।



### जेपीसी वक्फ संशोधन विधेयक पर कल संसद में पेश करेगी रिपोर्ट


**नई दिल्ली, 2 फरवरी ( न्यूज चैनल )।** वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर रिपोर्ट 3 फरवरी को लोकसभा में पेश की जाएगी। संयुक्त समिति की रिपोर्ट वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल पेश करेंगे। समिति के समक्ष दिए गए साक्ष्यों का रिकॉर्ड भी पटल पर रखा जाएगा। बता दें कि रिपोर्ट 30 जनवरी, 2025 को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपी गई थी। बता दें कि जेपीसी ने वक्फ विधेयक 1995 को 14 खंडों और धाराओं में 25 संशोधनों के साथ मंजूरी दी थी।

### सिद्धरमैया के राजनीतिक सलाहकार बी.आर. पाटिल ने इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली, 2 फरवरी ( न्यूज चैनल )।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के राजनीतिक सलाहकार बी.आर. पाटिल ने शनिवार को पद से इस्तीफा दे दिया। कलबुर्गी जिले के आलंद निर्वाचन क्षेत्र से विधायक पाटिल को 29 दिसंबर, 2023 को मुख्यमंत्री का राजनीतिक सलाहकार नियुक्त किया गया था। उन्होंने बेंगलुरु स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में आज अपना इस्तीफा सौंपा। हाल ही में पाटिल ने किसानों को कानून के जरिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिलाने के समर्थन में बेंगलुरु स्थित 'विधान सौध' परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरना दिया था। उन्होंने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के साथ एकजुटता दिखाने के लिए यह प्रदर्शन किया था। डल्लेवाल पंजाब-नयी दिल्ली सीमा के पास एक महीने से अधिक समय से अनशन कर रहे हैं। पाटिल ने कांग्रेस विधायक दल की बैठकों में भी अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए पर्याप्त धनराशि न दिए जाने पर निराशा जाहिर की थी।

## तेन्दुए ने बुजुर्ग पर हमला कर ली जान

### उत्तर सिंगपुर वन परिक्षेत्र के बेन्द्राचुवा गांव में हुई घटना




**धमतरी, 2 फरवरी ( हाईवे चैनल )।** नगरी सिहावा क्षेत्र में एक बार फिर तेन्दुएं का आतंक बढ़ने लगा है। तेन्दुएं ने पुन: एक बुजुर्ग की जान ले ली है। जिससे क्षेत्र में दहशत व्याप्त है।

मिली जानकारी के अनुसार उत्तर सिंगपुर वन परिक्षेत्र के बेन्द्राचुवा गांव में यह घटना हुई। सोनारिन देहार के रहने वाले 62 वर्षीय बुजुर्ग मनराखन ध्रुव सायकल से सवार होकर निजी कार्य से ग्राम बेन्द्राचुवा पहुंचा था। इस दौरान अलसुबह लगभग 4-5 बजे के बीच सुड़क किनारे खड़ा था तभी अचानक तेन्दुआ पहुंचा और बुजुर्ग पर हमलाकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम व पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। ज्ञात हो कि पूर्व में भी नगरी सिहावा क्षेत्र में तेन्दुआ द्वारा मासूम बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक कई लोगों की जान ली जा चुकी है। साथ ही आय दिन पालतु मवेशियों की शिकार की घटनाएं भी तेन्दुआ द्वारा किया जाता है। तेन्दुआ द्वारा बुजुर्ग पर हमले व जान लेने से लोगो में डर व्याप्त है।

## मुठभेड़ में मारे गए 8 नक्सली, सभी शव बरामद

### भारी मात्रा में हथियार बरामद

**जगदलपुर, 2 फरवरी ( हाईवे चैनल )।** बीजापुर जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल से हथियार बरामद किए गए हैं। बरामद हथियारों में एक इंसास राइफल और एक बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) शामिल हैं। मारे गए 8 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

पुलिस महानिरीक्षक (बस्तर रेंज) सुंदरराज पी ने बताया कि मुठभेड़ सुबह करीब 8.30 बजे गंगालूर थाना क्षेत्र के जंगल में उस समय शुरू हुई जब राज्य पुलिस के जिला रिजर्व गार्ड और विशेष कार्य बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन) के साथ नक्सल विरोधी अभियान पर निकले थे। उन्होंने बताया कि इलाके में प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादियों) के पश्चिम बस्तर संभाग के कैडरों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार को अभियान शुरू किया गया था।



सुंदरराज ने कहा, घटनास्थल से आठ नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। कई और नक्सली या तो मारे गए हैं या घायल हुए हैं। घटनास्थल पर तलाशी अभियान अभी भी जारी है। हमने मौके से एक इंसास राइफल, एक बैरल ग्रेनेड लांचर और अन्य हथियार बरामद किए हैं। इस मुठभेड़ के साथ ही इस साल अब तक राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में 50 नक्सली मारे जा चुके हैं। 20-21 जनवरी को राज्य के गरियाबंद जिले में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में 16 नक्सली मारे गए थे। पुलिस के अनुसार पिछले साल राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में सुरक्षा बलों ने 219 नक्सलियों को मार गिराया था।

## दिल्ली पुलिस ने 2.23 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त की, दो आरोपी पकड़े गए

**नई दिल्ली, 2 फरवरी ( न्यूज चैनल )।** दिल्ली पुलिस ने दो अलग-अलग अभियानों में मादक पदार्थ के दो तस्करों को पकड़ा है और उनके पास से 2.23 करोड़ रुपये मूल्य की 390 ग्राम हेरोइन जब्त की है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पहले अभियान में पुलिस ने शुक्रवार को भलस्वा डेयरी से साहिदुल खान उर्फ बाबू खान को 294 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। उस पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। खान की गिरफ्तारी एक पुराने मामले के बाद हुई है जिसमें मंगोलपुरी में सनी और सारिका नामक एक जोड़े को 280 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा गया था।



जांच में पता चला कि खान ही उनका आपूर्तिकर्ता था। दूसरे अभियान में पुलिस ने शुक्रवार को जहांगीरपुरी में अंजू उर्फ गौरी भाभी को 96 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा। पुलिस को उसका संबंध एक पुराने मामले से मिला जिसमें शेख शाहनवाज उर्फ सोहेल से 402 ग्राम हेरोइन जब्त की गई थी। उसके खिलाफ चोरी और शस्त्र अधिनियम उल्लंघन सहित 13 मामले पहले भी दर्ज हैं।

## नासिक-गुजरात हाइवे पर भीषण सड़क हादसा, 5 लोगों की मौत, कई घायल

**नई दिल्ली, 2 फरवरी ( न्यूज चैनल )।** गुजरात के डांग जिले में रविवार सुबह तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस के गहरी खाई में गिर जाने से 5 लोगों की मौत हो गई और 17 गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस ने यह जानकारी दी. प्रभारी पुलिस अधीक्षक एसजी पाटिल ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह करीब चार बजकर 15 मिनट पर हुई, जब सापुतारा हिल स्टेशन के निकट चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया. उन्होंने बताया कि 48 तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस अवरोधक को तोड़कर लगभग 35 फुट गहरी खाई में गिर गई.

अधिकारी ने बताया कि पांच लोगों- दो महिलाओं और तीन पुरुषों- की मौके पर ही मौत हो गई. अधिकारी ने बताया 5 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अहवा के सिविल अस्पताल में भर्ती



कराया गया है. कुछ अन्य को मामूली चोटें आई हैं. बचाव अभियान लगभग पूरा हो चुका है.उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब बस महाराष्ट्र के त्र्यंबकेश्वर से 48 तीर्थयात्रियों को लेकर गुजरात के द्वारका जा रही थी. अधिकारी ने बताया कि तीर्थयात्री मध्य प्रदेश के गुना, शिवपुरी और अशोक नगर जिलों के थे।

## दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में

**नई दिल्ली, 2 फरवरी ( न्यूज चैनल )।** राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पूरे दिन मध्यम से घना कोहरा छाए रहने का अनुमान जताया है और अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है।

सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 97 प्रतिशत दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दिल्ली की वायु गुणवत्ता में गिरावट जारी है, सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 339 था, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच



एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच को 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच को 'मध्यम', 201 से 300 के बीच को 'खराब', 301 से 400 के बीच को 'बेहद खराब' तथा 401 से 500 के बीच को 'गंभीर' माना जाता है।

## आप पार्टी के 8 विधायक समेत कई नेता बीजेपी में शामिल

### दिल्ली में पांच फरवरी को विधानसभा चुनाव

**नई दिल्ली, 2 फरवरी ( न्यूज चैनल )।** दिल्ली में पांच फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आम आदमी पार्टी के आठ विधायकों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। आज आम आदमी पार्टी छोड़ने वाले आठ निवर्तमान विधायक भाजपा में शामिल हुए। बताया जाता है कि ये विधायक चुनाव के लिए टिकट न दिए जाने से नाराज थे और अन्य दलों के संपर्क में थे। कुछ विधायकों ने सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे साझा किए और भ्रष्टाचार तथा अन्य मुद्दों को लेकर आप पर निशाना साधा। दिल्ली बीजेपी चीफ वीरेंद्र सचदेवा और विजयंत पांडा की मौजूदगी में सभी विधायकों ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। कस्तूरबा नगर से मौजूदा विधायक मदन लाल ने दावा किया कि उन्होंने और पार्टी के छह अन्य विधायकों ने आप की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। मदन लाल ने कहा कि उन्होंने अपना त्यागपत्र दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल को भी भेज दिया है। इस्तीफा देने वाले आप विधायकों में भावना गौड़ (पालम), नरेश यादव (महरौली), रोहित महरौलिया (त्रिलोकपुरी) और पवन शर्मा (आदर्श नगर) भी शामिल हैं। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा और मतगणना आठ फरवरी को होगी। भावना गौर, पालम से विधायक (दो बार की विधायक), मदन लाल, कस्तूरबा नगर से तीन बार के विधायक, गिरीश सोनी, तीन बार के विधायक, राजेश ऋषि, दो बार के विधायक, नरेश यादव, विधायक, पवन शर्मा, विधायक, रोहित मेहरोलिया, विधायक , बिजेंद्र गर्ग, पूर्व विधायक आदि शामिल है।

CMYK